31 MARCH- CORIYA -BHOOMI-PG-1_Layout 1 3/31/2025 8:35 PM Page 1

हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 1 अप्रैल 2025

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

तापमान

अधिकतम 36 डिग्री

न्यूनतम 19 डिग्री

2 सॉलिड वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट अब ले रहा उद्योग का स्वरुप



बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183

## खबर संक्षेप

### मौसम में बदलाव से क्षेत्र में बढ़ा गर्मी का प्रकोप

**सोनहत।** मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामों में गर्मी का असर लगातार तेज होता जा रहा है। बीते दिनों हल्के मौसमी बदलाव के कारण राहत रही, लेकिन पिछले तीन दिनों से दोपहर के समय तीव्र गर्मी पड़ने लगी है। गर्मी से बचने के लिए लोग ठंडे पेय पदार्थों और आइसक्रीम पार्लरों का रुख कर रहे हैं। खासतौर पर युवा और बच्चे दोपहर व शाम के समय ठंडी चीजों की तलाश में नजर आ रहे हैं।

### स्कूल संचालन के समय में परिवर्तन

**बैकुण्ठपुर।** तेजी से बढ़ रही गर्मी को ध्यान में रखते हुए संचालक लोक शिक्षण ने शाला संचालन समय में परिवर्तन करने का आदेश जारी किया। आदेश के अनुसार 2 अप्रैल से समस्त शालाएं परिवर्तित समय में संचालित होगी। वर्तमान में प्रदेश में पड़ रही तेज गर्मी को दृष्टिगत रखते हुए संचालक लोक शिक्षण छग द्वारा राज्य के सभी शासकीय एवं अशासकीय स्कूलों शैक्षणिक संस्थाओं के संचालन समय में परिवर्तन करने का आदेश जारी कर सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को प्रेषित किया है। जारी आदेश के अनुसार एक पाली में संचालित संचालित समस्त शालाएं प्रातः 7 से 11 बजे तक तथा जहां दो पाली में शाला संचालित होती है, वहां प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला सुबह 7 से 11 बजे तक तथा हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूल पूर्वान्ह 11 से 3 बजे अपरान्ह तक संचालित होंगी। यह आदेश 2 अप्रैल से 30 अप्रैल तक प्रभावशील रहेगा।

### लोडिंग के दौरान टायर के नीचे आया युवक, मौत

**डांडगांव।** रविवार दोपहर 3 बजे ग्राम सानी बर्रा के स्कूल ग्राउंड समीप खेत में जेसीबी के माध्यम से दो ट्रैक्टर लोडिंग किया जा रहा था। इसी दौरान ट्रैक्टर मालिक का भतीजा सानी बर्रा निवासी ओमप्रकाश मरकाम आ. हीरालाल मरकाम (35 वर्ष) जेसीबी में बैठा था। जैसे ही ट्रैक्टर लोडिंग हुआ आगे बढ़ने से पहले जेसीबी से ट्रैक्टर ट्रॉली में जाने के पैर आगे बढ़ाया तभी ट्रैक्टर चालक द्वारा वाहन आगे बढ़ा दिया जिससे पैर ट्राली में न जाकर ट्राली के नीचे आ गया और सिर में ट्राली का टायर चढ़ गया और ओम प्रकाश का मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी लगते ही ग्रामीणों ने उदयपुर पुलिस थाना को सूचना दी। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचे शव को पीएम के लिए सीएससी उदयपुर में रखवाया है।

### मिनी ट्रक पलटने से एक ग्रामीण की मौत

**अम्बिकापुर।** चंदौरा घाट के समीप गोबर खाद लोड मिनी ट्रक के पलट जाने से सवार एक ग्रामीण की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई जबकि चालक सहित तीन लोग घायल हो गए। प्रतापपुर थाना अंतर्गत ग्राम केवरा चारपारा निवासी संदीप पैकरा आ. शिव कुमार पैकरा (26 वर्ष) गत दिन मामा नंद केश्वर व अजीत अगरिया के साथ मिनी ट्रक क्रं. सीजी 15 डीके 1326 के चालक के साथ पार्वतीपुर नर्सरी से गोबर खाद लोड कर ग्राम घुई रमकोला पहुंचाने जा रहे थे। चालक वाहन लेकर चंदौरा घाट के समीप पहुंचा तभी चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा जिससे वाहन सड़क पर पलट गई। दुर्घटना में चारों घायल हो गए। घायलों को प्रतापपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। संदीप की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

### सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के बड़गांव कोसाबारी इलाके में मिला था शव

# सुपारी किलिंग : पत्नी-बेटी समेत 5 गिरफ्तार, 1 फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

- बोरी में बंद मिले लाश के हत्या की गुत्थी सुलझी

जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के बड़गांव कोसाबारी इलाके में पुलिया के नीचे बोरी में लिपटे हुए एक अज्ञात शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए कोरिया पुलिस ने त्वरित जांच शुरू की और महज 24 घंटे के भीतर अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने में सफलता हासिल कर ली है। इस जघन्य हत्या को मृतक की पत्नी और बेटी ने मिलकर 1 लाख रुपए की सुपारी देकर अंजाम दिलवाया था।

मिली जानकारी के अनुसार बीते 29 मार्च को कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़गांव कोसाबारी पुलिया के नीचे कंबल, दरी और बोरी में लिपटा हुआ एक शव बरामद हुआ। पुलिस अधीक्षक कोरिया रवि कुर्रे के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल के नेतृत्व में विशेष टीम बनाई गई। शव की पहचान खुटरापारा निवासी अशोक कुमार कुर्रे के रूप में हुई। मृतक एसईसीएल महाप्रबंधक कार्यालय में अस्थायी रूप से फाइल बाइंडिंग और चाय पिलाने का कार्य करता था। पुलिस जांच में पता चला कि मृतक की पत्नी सांता कुर्रे ने 26 मार्च को थाने में अपने पति की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी, लेकिन जब गहराई से जांच की गई तो यह संपूर्ण मामला हत्या का निकला। पुलिस पूछताछ में मृतक की पत्नी और बेटी ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। मृतक की बेटी सरिता कुर्रे उम्र 21 वर्ष ने बताया कि उसका पिता नशे का आदी था और रोज रात में उसकी मां के साथ मारपीट करता था। इतना ही नहीं, पिछले एक साल से वह बेटी के साथ अश्लील हरकतें भी कर रहा था। इन अत्याचारों से परेशान होकर मां-बेटी ने उसकी हत्या की साजिश रची और अपने परिचित शहनाज खान और उसके बेटे तौसिफ खान (बाबू) से संपर्क किया। तौसिफ और उसके साथी अमानुल खान (बाबा) ने हत्या के लिए 1 लाख रूपए की मांग की। सौदा तय होने के बाद 40,000 रूपए एडवांस दिए गए और हत्या की योजना को अंजाम दिया गया। जांच दल में उप पुलिस अधीक्षक के साथ सायबर सेल प्रभारी निरीक्षक विनोद पासवान, निरीक्षक विपिन लकड़ा, उपनिरीक्षक अलंगो दास, उपनिरीक्षक जया लक्ष्मी, प्रधान आरक्षक अरविंद कौल, ओमप्रकाश राजवाड़े, आरक्षक विमल जायसवाल, सजल जायसवाल, अमरेशानंद ठाकुर, इलियास कुजूर, शिवम सिन्हा आदि सक्रिय रहे।



हत्याकांड का खुलासा करते एसपी रवि कुर्रे।

### ऐसे हुई थी हत्या की वारदात

बीते 19 मार्च की रात 10 बजे सरिता ने तौसिफ और अमानुल को घर बुलाकर अंदर छिपा दिया। जैसे ही अशोक कुर्रे खाना खाकर बाहर के कमरे में खटिया पर सो गया, उसकी बेटी ने मैसेज कर तौसिफ और अमानुल को बुलाया, वहीं अन्य छोटे बच्चों को एक कमरे में बंद कर दिया गया और बाहर से दरवाजा लगा दिया गया। तौसिफ और अमानुल खान ने धारदार हथियार (चापड़) से अशोक के सिर और गर्दन पर वार किया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस दौरान पत्नी सांता कुर्रे और बेटी सरिता ने मृतक के पैर पकड़ रखे थे। हत्या के बाद शव को दरी और बोरी में लपेटकर रस्सी से बांधा और बाइक पर रखकर पुलिया के नीचे फेंक दिया।

### ये आरोपी गिरफ्तार किए गए

हत्या के इस वारदात में सांता कुर्रे पत्नी, सरिता कुर्रे बेटी उम्र 21 वर्ष, शहनाज खान सुपारी दिलाने वाली महिला, तौसिफ खान उर्फ बाबू उम्र 20 वर्ष मुख्य आरोपी, अरबाज अंसारी सहयोगी उम्र 25, अमानुल खान उर्फ बाबा अभी फरार है। हत्या में प्रयुक्त सीबीजेड बाइक, धारदार चापड़ और मोबाइल फोन पुलिस ने जब्त कर लिया है। वहीं फरार आरोपी अमानुल खान की तलाश जारी है। उक्त मामले में आरोपियों के विरूद्ध अपराध क्रमांक 120/2025, धारा 103 (1), 238, 61(2) बी (आईपीसी) दर्ज किया गया है।

### पुलिस ने 24 घंटे में किया खुलासा

पुलिस ने इस मामले की गहन जांच की और कई महत्वपूर्ण सुराग जुटाए। घटनास्थल की जांच में फर्श और दीवारों पर खून के धब्बे मिले, जिन्हें गोबर से छिपाने की कोशिश की गई थी। शव को लपेटने में इस्तेमाल की गई दरी और रस्सी मृतक के घर की निकली। पुलिस ने जब पत्नी और बेटी से सख्ती से पूछताछ की, तो उन्होंने अपना अपराध कबूल कर लिया।



प्रतियोगिताा में शामिल टीम।

## नेशनल कबड्डी प्रतियोगिता में महिला टीमों ने दिखाया दमखम

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोमनहिल

मां दुर्गा सेवा समिति एनसीपीएच क्लब हल्दीबाड़ी के तत्वाधान में आयोजित 5 वीं राष्ट स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में महिला स्पेशल लीग के मुकाबले खेले गए। इसमें छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश की टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के पहले मैच में अलीगढ़ और व्यवहारी की टीमों के बीच जोरदार भिड़ंत हुई। इसमें अलीगढ़ ने 28-4 से जीत दर्ज की।

दूसरा मैच इंदौर और सागर के बीच हुआ। इसमें इंदौर की टीम ने 10 अंकों से सागर को हराया। तीसरे मुकाबले में खेलो इंडिया एमसीबी और खड़गवां की टीमों के बीच संघर्षपूर्ण खेल देखने को मिला। चौथा मैच जबलपुर और राजनांदगांव के बीच खेला गया। इसमें दोनों टीमों ने जोरदार प्रदर्शन किया। महिला संगठन की सदस्याओं ने कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं, चाहे वह शिक्षा हो या खेल। खिलाड़ियों ने अपने कौशल और प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया, जिससे यह साबित हुआ कि आने वाले समय में ये खिलाड़ी अपने जिले, राज्य और देश का नाम रोशन करेंगी। प्रतियोगिता के कमेंटेटर की भूमिका सुशांत घोष ने निभाई, जबकि निर्णायक मंडल में राष्टीय रेफरी मिथिलेश चतुर्वेदी, परमु यादव जबलपुर, मो. शरीफ खान नरसिंहपुर, हरिशंकर यादव झांसी, परमजीत सिंह मुजफ्फरनगर, मिथिलेश नेताम अनूपपुर और महिला रेफरी जयास्वामी जबलपुर शामिल रहीं।

इस दौरान सामाजिक महिला संगठन की सुमिता दहल, नीलम राय, गौरी हथगेन, कल्पना केसरवानी, रीना वर्मा, मिथिलेश परासर, रश्मि बधावन, बबीता सिंह, पूर्वा स्थापक, गीता देवनाथ, झरना सिन्हा, अनीता पाल, अंतरा दत्ता और अपर्णा नंदी उपस्थित रहीं। प्रतियोगिता को सफल बनाने में मां दुर्गा समिति के समीर देवनाथ, तप मुखर्जी, विनय पाठक, प्रणव कर, मनोज दे, पिंकू पांडे, अभिजीत कर, राकेश द्विवेदी और देव गांगुली का विशेष योगदान रहा।

## बिछिया टोला समेत कई जगहों पर प्रशासन की दबिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

एमसीबी जिले के अंतर्गत ग्राम पंचायत बिछिया टोला में खनिज विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है।

30 मार्च को एमसीबी कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देश पर खनिज विभाग के आलाधिकारी ग्राम पंचायत बिछिया टोला पहुंचे और ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए कोयले के अवैध खनन के साथ ही अवैध पत्थर खनन और अवैध रेत खनन पर कार्रवाई की। अवैध मुरूम खनन पर कार्रवाई में खनिज विभाग ने एक जेसीबी, एक टैक्टर, एक टिपर को जब्त किया है। एमसीबी खनिज विभाग ने बिछिया टोला अंतर्गत केवई नदी के किनारे कोयले के अवैध खनन पर कार्रवाई करते हुए 23 नग भरी बोरी की जब्त कर केल्हारी थाना में सुपुर्द किया है। एमसीबी खनिज अधिकारी दयानंद तिग्गा ने बताया कि 30 मार्च को एमसीबी कलेक्टर के निर्देश पर जिला खनिज उड़नदस्ता दल द्वारा जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के केल्हारी तहसील अंतर्गत ग्राम बिछियाटोला में बोल्डर के अवैध उत्खनन क्षेत्र का जांच किया गया। जांच में नदी के किनारे अज्ञात व्यक्ति द्वारा अवैध उत्खनन किए गए 12 घन मीटर बोल्डर को जब्त कर सरपंच ग्राम पंचायत बिछियाटोला को सुपुर्द में दिया गया है। बिछियाटोला अंतर्गत केवाई नदी से अज्ञात व्यक्ति द्वारा उत्खनन कर रखे गए 23 बोरी को जब्त कर थाना केल्हारी को सुरक्षार्थ रखने के लिए सुपुर्द में दिया गया है।

बिछियाटोला अंतर्गत बरने नदी में छग को मध्यप्रदेश को जोड़ने वाले नवनिर्मित पुल के पास ठेकेदार द्वारा बिना वैध अनुमति मुरूम-मिट्टी के अवैध उत्खनन कर रहे 1 जेसीबी मशीन और 1 टिपर 1 ट्रैक्टर को जब्त किया ⏭ शेष पेज 4 पर



कार्रवाई करती खनिज विभाग की टीम।

तरबूज...



**बैकुण्ठपुर।** गर्मी के दिनों में तरबूज शरीर को हाईड्रेड रखने में मदद करता और शरीर को ताजगी प्रदान करता है, इसे देखते हुए शहर में बड़ी मात्रा में विक्रय के लिए लाया गया है।

## विकराल बनी टाइगर रिजर्व की आग झुलसा 45 किमी क्षेत्र का जंगल

**बिहारपुर।** गुरू घासीदास तमोर पिंगला अभ्यारण्य में लगी आग ने अब विकराल रूप धारण कर लिया है तथा जंगल के लगभग 45 किमी क्षेत्र में फैल गई है। टाइगर रिजर्व का जंगल पिछले 72 घंटे से अधिक समय से जल रहा है।

टाइगर रिजर्व के जंगल स्थित आबादी क्षेत्र के कुछ गांवों में शनिवार को आग लगने के घटना हुई थी। इस आग को अभी बुझाया नहीं जा सका था कि शुक्रवार को ग्राम बैजनपाट के पूर्वी एवं ग्राम भुंडा के निकट जंगल में आग की लपटें उठने लगी। गर्मी व हवा के संपर्क में आग तेज गति से फैलने लगी। खाई व पहाड़ी का क्षेत्र होने के कारण वन कर्मियों ने आग को बुझाने की कड़ी मशक्कत की लेकिन जंगल के बड़े क्षेत्र में फैलने के कारण वन अमले को आग बुझाने में सफलता नहीं मिली। शुक्रवार की शाम जंगल की आग का धुआं आसपास के गांवों में भर गया।

शनिवार को भी वनकर्मी पूरे दिन आग को नियंत्रित करने की मशक्कत करते रहे लेकिन आग को बुझाने में सफलता नहीं मिली। जंगल की आग पूर्वी बैजनपाट से लुल्ह, भुण्डा एवं कोरिया सीमा स्थित तेलाई पाठ तक फैल गई है। रविवार को जंगल की आग सीमावर्ती मध्यप्रदेश के जंगल में पहुंच गई है।

## महिला जागृति शिविर में अन्नप्राशन व गोद भराई



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से सोमवार को बैकुंठपुर सेक्टर में महिला जागृति शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत ग्राम पंचायत केनापारा की सरपंच कौशल्या सिंह ने दीप प्रज्जवलित कर की। शिविर में अन्नप्राशन, गोद भराई और कुर्सी दौड़ जैसे विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत केनापारा के उप सरपंच विश्वनाथ राजवाड़े उर्फ नानू, पंच सृष्टि राजवाड़े, पूर्व उप सरपंच रमेश सिंह, महिला बाल विकास बैकुंठपुर की सुपरवाइजर सोनाली तिवारी, केनापारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता संघ की अध्यक्ष रमा सिंह, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अनीता जायसवाल जूनापारा, विभा जायसवाल बहिमर केनापारा, किरण भट्टीपारा बैकुंठपुर सहित काफी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहीं। शिविर में महिलाओं एवं बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य, शिक्षा और अधिकारों पर विशेष चर्चा की गई। सरपंच कौशल्या सिंह ⏭ शेष पेज 4 पर

## श्रमिकों को अब मात्र 5 रूपए में भरपेट मिलेगा भोजन



फीता काटकर शुभारंभ करती नपाध्यक्ष प्रतिभा यादव।

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

- श्रम अन्न सहायता योजना का शुभारंभ

एमसीबी जिले में 29 मार्च को शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न सहायता योजना का शुभारंभ हो गया है।

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रतिभा यादव ने नगर पालिका परिषद् मनेन्द्रगढ़ सब्जी मंडी के पास इस योजना का उद्घाटन फीता काटकर किया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि के द्वारा छग महतारी के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। श्रम अधिकारी विनय सिंह ठाकुर ने बताया कि शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न सहायता योजना के तहत सभी संगठित और असंगठित पंजीकृत श्रमिकों को मात्र 5 रुपए में गरम और पौष्टिक भोजन भरपेट खाने को मिलेगा, जिसका संचालक मेसर्स आरके एसोसिएट्स एंड हॉटिलियर्स प्राइवेट लिमिटेड रायपुर के द्वारा किया जाएगा। इस योजना के तहत जिले के लगभग 60 हजार संगठित और असंगठित श्रमिकों को मात्र 5 रुपए में गरम और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जाएगा, जिसमें 22 हजार पंजीकृत श्रमिक केवल मनेन्द्रगढ़ में हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि छग सरकार श्रमिकों के कल्याण के लिए कई योजनाएं चला रही है। मुख्यमंत्री नोनीबाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना के तहत श्रमिक परिवार के मेधावी बच्चों को 2 लाख रूपए तक की सहायता राशि दी जाती है।

मुख्यमंत्री मिनीमाता महतारी जतन योजना के तहत पंजीकृत महिला निर्माण श्रमिकों को गर्भावस्था के दौरान आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है, जिसमें बच्चे के जन्म के बाद 20,000 रूपए की एकमुश्त राशि दी जाती है। मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना के तहत श्रमिक परिवारों की पहली दो बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए 20-20 हजार रूपए की प्रोत्साहन राशि दी जाती है। ⏭ शेष पेज 4 पर

### सिंधी समाज ने धूमधाम से मनाई झूलेलाल जयंती

# शहर में निकली शोभायात्रा, दिनभर भजन-कीर्तन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

सिंधी समाज ने अपने आराध्य देव भगवान झूलेलाल जी की जयंती (चेटीचंड) हर्षोल्लास के साथ मनाई। इस अवसर पर समाज के लोगों ने शोभायात्रा निकाली, भजन-कीर्तन किए और भगवान झूलेलाल के जयकारे लगाए।

कार्यक्रम की शुरूआत कचहरीपारा दुर्गा पंडाल में विशेष पूजा-अर्चना से हुई, जहां समाज के लोगों ने एकत्र होकर श्रद्धा पूर्वक अरदास की। इसके बाद नगर में शोभायात्रा निकाली गई। इसमें सिंधी समाज के महिला-पुरूष और बच्चे पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए। मार्ग में श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया और जगह-जगह पुष्प वर्षा की गई। समाज के वरिष्ठजन ने झूलेलाल जी के आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए समाज को एकता और प्रेम का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया गया और एक-दूसरे को जयंती की शुभकामनाएं दी गइं। इस अवसर पर धनश्याम जग्यासी, अनिल जग्यासी, अमृत जग्यासी, ओमप्रकाश केवलानी, अजय जीवनानी, हरेश बजाज, रतन बजाज, मधु जग्यासी, पदमा जग्यासी, सुषमा जग्यासी, मंजू जीवनानी, रेखा बजाज, प्रिया बजाज, सीमा बजाज, शांति नागवानी, निशा नागवानी, प्रिया नागवानी, हर्षा नागवानी, साक्षी नागवानी, रेखा केवलानी, विशाल जीवनानी, जिमी जीवनानी, अंश जीवनानी, किरण केवलानी, निकिता बजाज, जयश्री बजाज, मोनिका जीवनानी, काजल तीर्थानी, भारती नागवानी, सुशील बजाज, विनित नागवानी, सुमित नागवानी, कन्हैयालाल नागवानी, कुंती नागवानी, नवीन बजाज सहित समाज के लोग काफी संख्या में शामिल रहे।



शहर में निकली शोभायात्रा।



जयंती मनाने में शामिल समाज की महिलाएं।

31-Mar- JAS-KORIYA Bhoomi pg-2_Layout 1 3/31/2025 7:53 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### वारुणी महामेला में कैबिनेट मंत्री ने की संध्या आरती

**बिश्रामपुर।** श्री हरिश्चंद्र ठाकुर का 214 वें जन्म महोत्सव वारूणी महामेला के चौथे दिन सुबह 8 से लेकर रात 9 बजे तक सभी हरि भक्ति द्वारा भजन कीर्तन किया गया। जिसमें सभी क्षेत्र से हरि भक्त पहुंचे थे। रात में जय माता दी जागरण ग्रुप कोतमा के सचिन तिवारी टीम द्वारा मनमोहक जागरण की प्रस्तुति दी गई। जागरण कार्यक्रम में समाज कल्याण एवं महिला बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े भी पहुंची थीं। यहां पर कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने हरि भक्तों के साथ मंदिर में दीप प्रज्वलित कर संध्या आरती की। आयोजन समिति के उपाध्यक्ष संदीप सरकार एवं हरि भक्त की मांग पर कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने श्री हरिश्चंद्र ठाकुर के मंदिर परिसर में मंच के माध्यम से सामुदायिक भवन निर्माण कराने की घोषणा की गई।

### नमो नमो संगठन के चंदन जिलाध्यक्ष नियुक्त

**बिश्रामपुर।** नमो नमो संगठन छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष विनोद अग्रमोदी द्वारा ग्राम सतपता



बिश्रामपुर निवासी चन्दन गुप्ता को सूरजपुर का संगठन जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।साथ ही नियमानुसार संगठन को मजबूत कर दायित्वों का निर्वहन करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। उक्त नियुक्ति से संगठन कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है।

### स्थानांतरित रेलवे के कल्याण निरीक्षक को दी गई विदाई

**बिश्रामपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंबिकापुर अनूपपुर सेक्शन में पिछले पांच वर्षों से पदस्थ कल्याण निरीक्षक जयप्रकाश सिंह का गत दिनों बिलासपुर तबादला हो गया, उनके सम्मान में मजदूर कांग्रेस कार्यालय बिश्रामपुर में स्थानीय रेल कर्मचारियों ने विदाई समारोह का आयोजन करते हुए उन्हें भावभीनी विदाई दी है।इस अवसर पर उपस्थित रेल कर्मियों ने कल्याण निरीक्षक के कार्यकाल व व्यवहार की सराहना कर उन्हें कुशल अधिकारी निरूपित कर कहा कि सिंह के कार्यकाल में रेलवे कर्मचारियों की हर छोटी बड़ी समस्या का समाधान उनके प्रयासों से तत्काल हो जाता था।इस दौरान रेलवे कर्मचारियों ने उन्हें शॉल ,श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया।

### मशीनों की क्षमता में विस्तार कर नये सिरे से किया गया स्थापित

# सॉलिड वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट अब ले रहा उद्योग का स्वरुप





सॉलिड वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर के भिट्ठीकला में स्थापित सॉलिड वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट अब वृहद रूप ले चुका है। शहर से आने वाले गीले और सूखे कचरे को संधारित करने के लिए अब बड़े पैमाने पर मशीनों की स्थापना की गई है जिससे ये प्लांट अब उद्योग में तब्दील हो गया है। प्लांट में अब पहले से बड़े पैमाने पर ना सिर्फ प्लास्टिक कचरे व सभी प्रकार के ठोस कचरे का निपटान किया जा रहा है जबकि गीले कचरे से खाद तैयार किया जा रहा है। इसके साथ ही इस प्लांट को अब पार्क का रूप प्रदान कर दिया गया है जहां लोग घूमने भी जा सकते है। इस प्लांट के माध्यम से महिलाओं और पुरुषों को रोजगार के साधन भी उपलब्ध कराए गए है वे कचरे से कमाई कर रहे है।

**खास बात**

- सड़को और नालियों से आने वाले कचरे का भी किया जा रहा है निपटारा

बता दें कि शहर के में डोर टू डोर कचरा प्रबंधन के तहत लोगों के घरों से निकलने वाले कचरे के निपटान हेतु एसएलआरएम सेंटर स्थापित किए गए है जहां स्वच्छता दीदियों द्वारा लोगों के घरों से निकलने वाले कचरे को एकत्रित कर छंटाई की जाती है और अलग अलग प्रकार के सूखे कचरे को पृथक कर उनकी बिक्री की जाती है इसके साथ ही गीले कचरे से खाद बनाया जाता है। वहीं शहर में नगर निगम द्वारा सडकों पर भी साफ सफाई और झाड़ू लगवाने का काम कराया जाता है। समय समय पर नालियों की सफाई होती है और सड़क और नालियों से निकलने वाले इस कचरे को भी शत प्रतिशत का भी संधारण किया जाता है। इस कचरे के निपटान हेतु भिट्ठीकला में एक सॉलिड वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट की स्थापना की गई है। इस प्लांट में नगर निगम द्वारा विशाल ट्रामेल की स्थापना की गई है। यहां नालियों और सडकों से आने वाले गीले कचरे को सुखाने के बाद कचरे को मशीन में डालकर छांटा जाता है। मशीन में 70 एमएम में पत्थर, बोल्डर व बड़े आकर के कचरे अलग होते है इसके बाद 30 एमएम में पन्नी, कांच, ढक्कन, मिट्टी अन्य कचरा अलग हो जाता है है। कचरा अलग होने के बाद लगाए गए फटका मशीन में प्लास्टिक पर चिपकी हुई गंदगी और कचरे को साफ कर लिया जाता है।

### बड़े पैमाने पर बना रहे प्लास्टिक दाना

बता दें कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत किए जा रहे कार्यों में प्लास्टिक कचरे से दाना बनाने का काम सबसे महत्वपूर्ण है। सेनेटरी पार्क में आग लगने के बाद इस प्लांट को एक साल से बंद कर दिया गया था। अब नए सिरे से इस प्लांट को भी उठाकर भिट्ठीकला में स्थापित कर दिया गया जहां रीसाइकिल होने वाले हार्ड एवं सॉफ्ट प्लास्टिक रैपर से दाना बनाया जा रहा है और इस प्लास्टिक दाना की बिक्री प्लास्टिक उत्पाद निर्माताओं को की जा रही है। वहीं सड़कों, नालियों और एसएलआरएम सेंटरों से ऐसे प्लास्टिक भी आते है जो नॉन रिसाइकिल होते है। इन प्लास्टिक कचरों को ईंधन के रूप में उपयोग करने के लिए आरडीएफ प्लांट की स्थापना की गई है। नॉन रिसाइकिल प्लास्टिक को को सीमेंट प्लांट भेजने के लिए आरडीएफ प्लांट में हार्ड प्लास्टिक की पहले श्रेडिंग केतु श्रेडर मशीन, बेलिंग मशीन, प्लास्टिक फटका मशीन लगाया गया है जिससे उच्च गुणवत्ता का आरडीएफ प्लास्टिक तैयार किया जा रहा है, जो सीमेंट प्लांट में ईंधन के रूप में उपयोग हेतु विक्रय किया जा रहा है।

### खाद हेतु बनाए गए पिट

नगर निगम द्वारा शहरों से निकलने वाले सूखे कचरे के अलावा सड़कों से एकत्रित किए जाने वाले गीले कचरे के निपटान हेतु व्यवस्था की गई है। गीले कचरे के निपटान हेतु कम्पोस्ट पिट का निर्माण कराया गया है। खाद बनाने के लिए प्लांट की क्षमता में विस्तार किया गया है। पिट में कचरे को डालकर जैविक पद्धति से खाद बनाया जा रहा है। खाद छानने के बाद बचे हुए गीले कचरे के निपटान हेतु पुनः विंड रो कम्पोस्टिंग हेतु ड्राइंग प्लेटफॉर्म, ट्रामेल स्क्रीन की स्थापना की गई है। कचरा प्रोसेसिंग की क्षमता वृद्धि हेतु मशीनरी के उपयोग से प्रतिदिन उत्पन्न एवं संग्रहण होने वाले कचरे का वैज्ञानिक तरीके से निष्पादन में काफी सुगमता सुनिश्चित हुई है।

### किया गया सौन्दर्यीकरण

नगर निगम द्वारा भिट्ठी कला के सॉलिड वेस्ट प्लांट का का सौन्दर्यीकरण किया गया है। नये सिरे से परिसर में उद्यान का निर्माण करने के साथ ही वाल पेंटिंग व कबाड़ से अनेकों आकर्षक कलाकृतियाँ बनाई गई है। इसके साथ ही इसी परिसर में बायो मेडिकल वेस्ट प्लांट भी संचालित है जहां जिले भर से आने वाले मेडिकल वेस्ट, सेनेटरी पैड, इंजेक्शन सीरिंज, कांच की शीशियां सहित अन्य मेडिकल वेस्ट का निपटान किया जा रहा है।

### किया गया है व्यवस्थित

भिट्ठीकला का प्लांट बंद पड़ा हुआ था। प्लांट को नए सिरे से व्यवस्थित कर शुरू किया गया है। इसका फायदा हमें स्वच्छ सर्वेक्षण में भी मिलेगा और प्लास्टिक कचरा के साथ ही ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में कारगर साबित होगा।

-डीएन कश्यप
आयुक्त ननि



## महिला एवं बाल विकास मंत्री के सम्मान में बना रिकॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

महिला सशक्तिकरण को नई ऊंचाईयों तक पहुंचाने प्रदेश की महिलाओं ने एक अनोखा रिकॉर्ड स्थापित किया। महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के सम्मान में टच वुड वुमन एंपावरमेंट ऑर्गनाइजेशन द्वारा महिला सशक्तिकरण का महाकुंभ कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें छत्तीसगढ़ की विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वाली महिलाओं ने एक साथ साथ रैंप वॉक किया।

कार्यक्रम में महिलाओं ने महिला सशक्तिकरण थीम पर खास परिधानों में प्रस्तुति दी, कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाकर वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराया। कार्यक्रम में महिलाओं ने यह साबित किया कि छत्तीसगढ़ की महिलाएं न केवल अपने अधिकारों के प्रति जागरूक है, बल्कि वे एकजुट होकर अपने समाज की सशक्त छवि को विश्व पटल पर स्थापित करने में सक्षम हैं। कार्यक्रम में आयोजकों ने कैबिनेट मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े की सादगी, उनके संघर्ष एवं कड़ी मेहनत से कम उम्र में प्रदेश की राजनीति में महत्वपूर्ण मुकाम हासिल करने की सराहना की तथा महिलाओं को उनसे प्रेरणा लेने की बात कही। कार्यक्रम में महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, जिपं सदस्य श्रीमती दिव्या सिंह सिसोदिया, पायल सिंह, पार्षद श्वेता गुप्ता सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं।

## चार भैंसा चोरी करने के मामले में एक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

घर के गौ शाला में बंधे चार नग भैंसा चोरी करने वाले एक आरोपी को पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है। मामले में अन्य फरार आरोपियों की सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी गई है।



जयनगर पुलिस ने बताया कि ग्राम रतनपुर निवासी प्रार्थी रामप्रताप सिरदार पिता कृष्णा सिरदार के घर स्थित गौ शाला में दो भैंसा को अज्ञात चोरों द्वारा 28 व 29 मार्च की दरम्यानी रात में चोरी कर लिया गया था। अगले दिन सुबह जब प्रार्थी उठकर देखा तो उसके भैंसा चोरी हो जाने की जानकारी लगी।हल्ला होने के दौरान प्रार्थी के पड़ोसी बनस सिरदार ने बताया कि उसके घर से भी दो भैंसा को किसी अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया है।



31-Mar- JAS-KORIYA-RAG- Bhoomi pg-3_Layout 1 3/31/2025 7:52 PM Page 1





# मैं तिकड़मी निर्माताओं के साथ काम नहीं कर सकता : सुदीप्तो

**मुंबई।** निर्देशक सुदीप्तो सेन को पूरी दुनिया में फिल्म 'द केरल स्टोरी' से जो शोहरत मिली है, वह किसी भी निर्देशक के लिए ईर्ष्या का विषय हो सकती है। वह दिन रात नए कलाकारों और नए तकनीशियनों की खोज में रहते हैं। मुद्दा आधारित फिल्में बनाने वाले निर्देशकों को भी अपना मंच प्रदान करने में नहीं हिचकते। वह मानते हैं कि बाहर से आकर हिंदी सिनेमा में अपनी जगह बनाना आसान नहीं है। मुश्किल वह ये भी स्वीकार करते हैं कि नए विचारों को और नए लोगों को हिंदी सिनेमा आसानी से स्वीकार नहीं करता है। मेरी कोशिश रही है कि मैं उन्हीं निर्माताओं के साथ काम करूं जो मेरी रचनात्मक स्वतंत्रता को स्वीकार करें। ऐसे निर्माताओं के साथ काम करने में मुझे घुटन होती है।

लाइफ Style

# प्रियंका

## पिंकसिटी जयपुर में शाही स्वागत

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड की देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा हाल ही में जयुपर पहुंची, जहां वह किसी प्रोफेशनल काम के लिए पहुंची थीं। प्रकृति से जुड़ी तस्वीरों ने उनके प्रशंसकों में उत्साह पैदा कर दिया है। अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने अपने सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर जयपुर, राजस्थान से जुड़ी तस्वीरें और वीडियोज साझा किए हैं।

अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक फ्लाइट के अंदर से बाहर के वातावरण की एक तस्वीर शेयर की है, जिसके कैप्शन में उन्होंने लिखा खूबसूरत जयपुर। इसके अलावा उन्होंने शाही भवनों की तस्वीरें भी साझा कीं हैं। एक वीडियो में मधुर सुर में बांसुरी बजाता हुआ एक व्यक्ति दिख रहा है, जिसे उनके फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। वहीं अभिनेत्री ने इस खूबसूरत वातावरण में एक मोर का नाचते हुए भी वीडियो शेयर किया है, जो प्राकृतिक सुंदरता को दर्शाता है। प्रियंका चोपड़ा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वो अक्सर अपने पति निक जोनास और बेटी मालती से जुड़े पोस्ट शेयर करती हैं। हाल ही में उन्होंने अपनी बेटी मालती की सोते हुए एक पोस्ट शेयर किया था। अभी कुछ महीनों पहले अभिनेत्री अपने भाई सिद्धार्थ चोपड़ा की शादी में शामिल हुईं थी, जहां से कई खूबसूरत तस्वीरें उन्होंने इंस्टाग्राम पर शेयर कीं थीं। अभिनेत्री अपनी आगामी फिल्म 'एसएसएमबी 29' में नजर आएंगी, जिसमें वह महेश बाबू और पृथ्वीराज सुकुमारन के साथ दिखेंगी। इसके अलावा प्रियंका के पास 'द ब्लफ' और 'हेड्स ऑफ स्टेट' जैसी फिल्में भी हैं, जिसके तारीखों की घोषणा अभी नहीं की गई है।



हॉलीवुड मसाला



# ऑस्कर अकादमी को मांगनी पड़ी माफी

**लॉस एंजिल्स।** यहूदियों द्वारा ऑस्कार विजेता हमदान बल्लाल पर हिंसक हमला किया गया था और उन्हें इजरायली सेना द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया था। इस मामले पर अकादमी द्वारा मामले का समर्थन ना करने और उनका नाम ना लेने के लिए सैकड़ों सदस्यों द्वारा विरोध किया गया था। विवाद बढ़ता देख अकादमी ने माफी मांग ली है। एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर्स आर्ट्स एंड साइंसेज (एएमपीएएस) ने बीते बुधवार को इस घटना पर प्रतिक्रिया व्यक्त की, लेकिन उन्होंने हमदान बल्लाल का सीधे तौर पर नाम नहीं लिया। इस वजह से इसपर जांच शुरू हो गई थी।



# 'रीचर' की तीसरी किस्त के दौरान बेसुध हुए एलन

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड एक्टर रिचसन इन दिनों अपनी सीरीज 'रीचर' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। यह दर्शकों की पसंदीदा एक्शन सीरीज में से एक है, जो अमेजन प्राइम वीडियो पर उपलब्ध है। हाल ही में, रिचसन ने सीरीज के आखिरी एपिसोड में एक एक्शन सीन के दौरान बेसुध होने की बात कबूली है। एएनआई की एक खबर के मुकाबिक, रिचसन ने कहा कि एक सीन के दौरान उन्हें उठाकर मेज पर जोर से पटक दिया गया, जिससे वह डेढ़ दिन तक बेहोश रहे। जब वह होश में आए, तो उन्हें अपने बच्चों को यह बताना पड़ा कि वह ठीक हैं, क्योंकि उस सीन के दौरान उनके बच्चे भी सेट पर मौजूद थे और वह नहीं चाहते थे कि वे डर जाएं। उन्होंने इसे अपने जीवन का सबसे बुरा पल बताया। रिचसन ने आगे बताया कि उनकी टीम इस सीन के खिलाफ थी, क्योंकि उन्हें चोट लगने का डर था।



# चर्चा में नुसरत व सोहा का हॉरर अवतार

**मुंबई।** नुसरत भरूचा की साल 2021 में आई फिल्म 'छोरी' को बॉक्स ऑफिस पर काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिला था। फिल्म की सस्पेंस-थ्रिलर से भरी कहानी में हॉरर भी था और ड्रामा भी। फिल्म का पहला पार्ट इतना पसंद किया गया कि अब इसका दूसरा पार्ट भी अनाउंस कर दिया गया है। नुसरत ने खुद एक सोशल मीडिया पोस्ट करके अपने फैंस और फॉलोअर्स को इस फिल्म की अगली कड़ी के बारे में बताया है। नुसरत भरूचा ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'कहानी अभी खत्म नहीं हुई है। खौफ की अभी तो बस शुरुआत हुई है।' नुसरत ने अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट में कुछ तस्वीरें पोस्ट की हैं जिनमें फिल्म की शूटिंग के दौरान की कुछ झलकियां दिखाई हैं। फोटोज में नुसरत भरूचा तो नजर आ ही रही हैं, लेकिन इसके साथ-साथ एक तस्वीर में सोहा अली खान भी हॉरर अवतार में दिखाई पड़ रही हैं।



# 'सिकंदर' रिलीज होने से पहले ही हुई लीक

**मुंबई।** हाल ही में 'सिकंदर' रिलीज से कुछ घंटे पहले ही फिल्म ऑनलाइन लीक हो गई। एआर मुरुगदास निर्देशित फिल्म 'सिंकदर' का दर्शकों को बड़ी बेसब्री से इंतजार था, जो अब सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। फिल्म को लगभग 600 साइटों पर लीक कर दिया गया था, जो निर्माताओं की नींद उड़ाने वाली बात है। ट्रेड एनालिस्ट ने 'सिकंदर' के ऑनलाइन लीक होने पर एक्स पर ट्वीट किया कि किसी भी निर्माता के लिए यह कृत्य खराब सपने जैसा है। यह फिल्म मेकर्स को महंगा पड़ सकता है। आखिर फैंस के लंबे इंतजार के बाद 30 मार्च को सलमान खान की फिल्म 'सिकंदर' सिनेमाघरों में रिलीज कर दी गई है। इस पर फैंस के रिएक्शन आने लगे हैं, बहुत से फैंस इसे पैसा वसूल और सलमान खान की परफेक्ट फिल्म बता रहे हैं।

टीवी मसाला



# केबीसी के अगले सीजन के लिए अमिताभ बच्चन तैयार

**नई दिल्ली।** मेगास्टार अमिताभ बच्चन ने खुलासा किया कि 'कौन बनेगा करोड़पति' के अगले सीजन की तैयारियां शुरू हो गई हैं और 'पहला कदम' प्रोमो है। एक्टर ने अपने ब्लॉग पर लिखा, "काम ही व्यक्ति के भाग्य का निर्धारक है और अगले सीजन के लिए शो की तैयारियां पूरी गंभीरता से शुरू हो गई हैं, इसलिए पहला कदम रजिस्ट्रेशन के लिए आमंत्रण का प्रोमो होगा।' उन्होंने माइक्रो-ब्लॉगिंग वेबसाइट पर तीन तस्वीरें भी शेयर कीं। एक तस्वीर में वह सोफे पर लेटे हुए दिखाई दे रहे हैं। इसके बाद उन्होंने बताया कि किस तरह वह फिल्म या सीरीज देखते हुए पूरी तरह तल्लीन हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि क्या यह सभी के साथ होता है या सिर्फ मेरे साथ होता है। जब हम कोई फिल्म या टीवी सीरीज देखते हैं, तो उसमें तल्लीनता का प्रतिशत इतना बड़ा होता है कि कुछ समय बाद आप फिल्म के किरदार की तरह बनने और व्यवहार करने लगते हैं। मेगास्टार ने 24 मार्च को लोगों की जान बचाने के लिए सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के साथ हाथ मिलाया. इस सहयोग का उद्देश्य सड़क सुरक्षा उपायों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और पूरे देश में जिम्मेदार ड्राइविंग प्रथाओं को प्रोत्साहित करना है। यह सहयोग मंत्रालय के चल रहे सड़क सुरक्षा अभियान का हिस्सा है, जिसमें बिग बी लोगों से सड़कों पर अधिक जागरूक और जिम्मेदार होने का आग्रह कर रहे हैं।

## 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' से पूरी तरह कटा दिशा का पत्ता

**नई दिल्ली।** दिशा वकानी कई फिल्मों और टीवी शो का हिस्सा रही हैं, लेकिन उनका सबसे मशहूर किरदार 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' की 'दया बेन' का रहा है। उन्होंने 2017 में शो छोड़ दिया था। इसके बाद कई बार उनकी वापसी की खबरें आईं, लेकिन हर बार वह महज अफवाह साबित हुईं। अब शो में दया बेन की वापसी की खबरें फिर सामने आई हैं, लेकिन दिशा वकानी के रूप में नहीं, बल्कि नए कलाकार की कास्टिंग की खबरें सामने आई हैं। अब कथित तौर पर निर्माताओं ने दिशा का रिप्लेसमेंट ढूंढ लिया है। इससे पहले शो के निर्माता असित मोदी ने पुष्टि की थी कि दिशा शो में वापस नहीं आएंगी, जिसका मतलब था कि निर्माताओं को उनका रिप्लेसमेंट ढूंढना होगा। असित नई दया बेन की तलाश में थे और हाल ही में एक ऑडिशन ने उन्हें काफी प्रभावित किया। अभिनेत्री के साथ मॉक शूट चल रहे हैं।



# वो टॉप हीरोइन जिसे शादीशुदा मर्द से हुई मोहब्बत, अकेले गुजार दी पूरी जिंदगी...



**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा के स्वर्णिम दौर में कई अभिनेत्रियों ने अपनी चमक बिखेरी, लेकिन आशा पारेख (**Asha Parekh**) का जादू कुछ अलग था. 60 और 70 के दशक में वह न सिर्फ सबसे लोकप्रिय अभिनेत्रियों में से एक थीं, बल्कि उन चंद कलाकारों में भी शामिल थीं, जो अपने समय की सबसे ज्यादा फीस लेने वाली एक्ट्रेसेस थीं। उनकी अदाकारी, खूबसूरती और सादगी ने दर्शकों के दिलों पर राज किया, लेकिन निजी जिंदगी में वह हमेशा अकेली रहीं। क्या है एक्ट्रेस की कहानी, चलिए आपको बताते हैं।

***ताउम्र कुंवारी रहीं आशा पारेख :*** आशा पारेख ने बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट अपने करियर की शुरुआत की थी और धीरे-धीरे हिंदी सिनेमा की शीर्ष अभिनेत्रियों में शामिल हो गईं। उन्होंने धर्मेंद्र, राजेश खन्ना, शम्मी कपूर जैसे दिग्गज सितारों के साथ कई सुपरहिट फिल्में दीं। 'कटी पतंग', 'तीसरी मंजिल', 'आन मिलो सजना', 'प्यार का मौसम' जैसी फिल्मों ने उन्हें इंडस्ट्री में अटूट पहचान दिलाई। लेकिन ,जब बात उनकी निजी जिंदगी की आई, तो उन्होंने शादी नहीं करने का फैसला लिया। एक इंटरव्यू में आशा पारेख ने अपनी जिंदगी के इस पहलू पर खुलकर बात की थी। उन्होंने बताया कि उन्हें एक ऐसे व्यक्ति से प्यार हो गया था जो पहले से शादीशुदा था। लेकिन, वह किसी और के घर को तोड़ने या दूसरी औरत बनने के लिए तैयार नहीं थीं। यही वजह थी कि उन्होंने ताउम्र अकेले रहने का निर्णय लिया और आज भी वह अपने फैसले से खुश हैं।

***ऑटो बायोग्राफी में किया है खुलासा :*** अपनी आत्मकथा 'आशा पारेखः द हिट गर्ल' में भी उन्होंने इस बारे में लिखा है। किताब के लॉन्च इवेंट में उन्होंने कहा था, 'शादियां ऊपर से तय होती हैं और शायद भगवान मेरी जोड़ी बनाना ही भूल गए'। एक्ट्रेस की मानें तो उनके जीवन में शादी का संयोग ही नहीं बना और उन्होंने अकेले रहने का ऑप्शन चुना। आशा पारेख की जिंदगी में स्टारडम की चमक तो थी, लेकिन उनकी निजी दुनिया में सन्नाटा भी था। उन्होंने इंडस्ट्री में एक लंबा सफर तय किया और तकरीबन 95 से ज्यादा फिल्मों में काम किया।

# *फौज की नौकरी छोड़कर बने गीतकार, अकेले ही लिख डाले चार हजार से भी अधिक गाने*



*__नई दिल्ली।__ भारत को अगर गीतों का देश कहा जाए तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। आपको यहां हर मौसम, हर भावना, हर परिस्थिति पर गीत मिल जाएंगे। हंसने पर गीत, रोने पर गीत, जीवन पर गीत, पैदा होने पर गीत यहां तक कि मरने पर भी गीत। हर मौसम के गीत हैं, सर्दी पर, गर्मी पर, बसंत पर और बरसात पर। इसलिए इस देश को गीतों का देश कहने में कोई गुरेज नहीं। ऐसे में देश में एक गीतकार ऐसा भी हुआ है, जिसने इन सभी परिस्थितियों, सभी भावनाओं और सभी मौसमों पर गीत लिखे हैं और अपने लगभग पांच दशक लंबे करियर में तकरीबन चार हजार से भी अधिक गीत लिखे हैं। ये शख्सियत हैं हिंदी सिनेमा के दिग्गज गीतकार आनंद बक्शी। 21 जुलाई 1930 को रावलपिंडी में जन्मे इस गीतकार ने अपनी जिंदगी में पार्टीशन से लेकर मायानगरी मुंबई में धक्के खाने तक सबकुछ झेला है। उसके बाद चखा है अपार सफलता का स्वाद और अगर आज ये कहा जाए कि बॉलीवुड की तकरीबन 80 प्रतिशत फिल्मों के गीत अकेले आनंद बक्शी ने लिखे हैं, तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। 30 मार्च 2002 को इस महान गीतकार की कलम हमेशा के लिए रुक गई। रविवार को आनंद बक्शी साहब की 23वीं पुण्यतिथि थी। इस मौके पर जानते हैं आनंद बक्शी से जुड़े कुछ अनकहे किस्से और संघर्ष से लेकर सफलता तक का उनके सफर के बारे में।*

***14 साल में की नेवी में नौकरी :*** *आनंद बक्शी को शुरू से ही फिल्मों और गानों का बड़ा शौक था। शुरूआती शिक्षा के बाद ही आनंद बक्शी को नौकरी करनी पड़ गई। वो महज 14 साल की उम्र से ही नौकरी करने लगे और नौकरी भी मिली तो रॉयल नेवी में। अब 14 साल का बच्चा नेवी में क्या ही काम करता, तो ऐसे ही छोटे-मोटे काम करता था। हालांकि, दो साल बाद नेवी में भारतीयों के बगावत करने पर आनंद बक्शी को नेवी से निकाल दिया गया।*

***नौकरी छोड़कर आए मुंबई नहीं मिला काम तो लौट गए वापस :*** *नेवी से निकाले जाने के बाद आनंद बक्शी पार्टीशन में भारत आ जाते हैं और बाद में आर्मी में शामिल हो जाते हैं। आनंद बक्शी फौज में शामिल तो हो गए लेकिन उनका मन अभी भी शायरी और गीतकार बनने में ही लगा था। इसलिए फौज की नौकरी छोड़कर वो 1951 में मुंबई चल दिए फिल्मों में गीत लिखने। हालांकि, कुछ महीनों साल तक मुंबई की सड़कों पर घूमते रहे और फुटपाथों पर धक्के खाने के बाद उन्हें ये एहसास हो गया कि फिल्मों में गीत लिखना और गीतकार बनना इतना आसान नहीं है। इसलिए वो वापस अपने घर लौट गए और फिर से फौज में शामिल हो गए। इस दौरान घर वालों ने उनकी शादी भी करा दी। हालांकि, उनका मन अभी भी फिल्मों और गाने लिखने में ही लगा था।*

## बजरंगी भाईजान का गाना 'आज की पार्टी' को ईद पर खूब सुनते हैं लोग

# ईद के जश्न में चार चांद लगा देंगे बॉलीवुड के ये गाने, झूमने पर करेंगे मजबूर

*__नई दिल्ली।__ बॉलीवुड की कई फिल्मों में ईद के सीन दिखाए गए हैं। कई गाने हैं जो ईद के मौके पर बजाए जाते हैं। इन गानों को बजाकर लोग ईद मनाते हैं। एक दूसरे को मुबारकबाद देते हैं और सेवई खाते हैं। आज हम आपके सामने पेश कर रहे हैं वो गाने जो ईद पर सबसे ज्यादा बजाए जाते हैं।*



### मुबारक ईद मुबारक (तुमको न भूल पाएंगे)

साल 2001 में आई फिल्म 'तुमको न भूल पाएंगे' का गाना 'मुबारक ईद मुबारक' ईद के मोके पर खूब बजाया जाता है। गाने में सलमान खान और सुष्मिता सेन ने जबरदस्त डांस किया है। फिल्म में सलमान खान और दिया मिर्जा ने बेहतरीन अदाकारी भी की थी।


### चांद नजर आ गया (हीरो हिंदुस्तानी)

साल 1998 में रिलीज हुई फिल्म हीरो हिंदुस्तानी का गाना चांद नजर आ गया लोगों की जुबान पर चढ़ा रहता है। इसे ईद पर खूब सुना जाता है। इस गाने को सोनू निगम और अल्का यागनिक ने आवाज दी है। गाने पर असद वारसी और नमरता शिरोडकर ने अदाकारी की है।



### वल्लाह रे वल्लाह (तीस मार खान)

वल्लाह रे वल्लाह गाना धमाकेदार म्यूजिक और जबरदस्त डांस से भरपूर है। ये गाना ईद के जश्न में चार चांद लगाता है। यह गाना साल 2010 में आई फिल्म 'तीस मार खान' का है। फिल्म तो बॉक्स ऑफिस पर कुछ कमाल नहीं कर पाई थी, लेकिन इस गाने ने लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। गाने पर सलमान खान, अक्षय कुमार और कटरीना कैफ ने बेहतरीन डांस किया है।



### बाकी सब फर्स्ट क्लास है (कलंक)

बाकी सब फर्स्ट क्लास है गाना (कलंक) फिल्म का है। यह गाना ईद को और खास बना देगा। गाने के बोल बहुत अच्छे है। गाने को अरिजित सिंग ने गाया है। गाने पर वरुण धवन ने बेहतरीन डांस किया है।

### यूं शबनबी (सांवरिया)

'सांवरिया' फिल्म का ये गाना भी ईद के मौके पर सुना जाता है। इस गाने में रणबीर कपूर और सोनम कपूर ने अदाकारी की है। गाने में ईद के दृष्य भी दिखाए गए हैं। मोंटी शर्मा ने इस गाने को लिखा है और पार्थिव गोहिल ने इसे गाया है।






### आज की पार्टी (बजरंगी भाईजान)

'बजरंगी भाईजान' का गाना आज की पार्टी भी ईद पर सुना जाने वाला गाना है। इस गाने को प्रीतम ने कंपोज किया है और मीका सिंह ने इसे आवाज दी है। गाने में सलमान खान और करीना कपूर बेहतरीन डांस करते हैं।

### जुमे की रात (किक)

ईद पर फिल्म 'किक' का गाना जुमे की रात भी अच्छा एहसास देता है। इस गाने में जैकलीन फर्नांडीज और सलमान खान ने बेहतरीन अदाकारी की है। गाने को मीका सिंह और पलक मुच्छल ने आवाज दी है। गाने को हिमेश रेशमिया ने कंपोज किया है। गाना काफी जोशीला है।

### चांद सिफारिश (फना)

ये खूबसूरत गाना फिल्म 'फना' का है। फिल्म में आमिर खान ने काजोल के साथ बेहतरीन अदाकारी की है। गाने में आमिर चांद की तारीफ करते हैं। इस गाने को शान और कैलाश खेर ने गाया है। गाने को जतिन ललित ने कंपोज किया है। इस गाने को ईद पर लोग खूब सुनते हैं।

31-Mar-KORIYA-Bhoomi pg-4_Layout 1 3/31/2025 9:02 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### जामा मस्जिद में किया गया इफ्तार पार्टी



**अंबिकापुर।** मुस्लिम समाज के पवित्र माह रमजान के अवसर पर जगह जगह इफ्तार पार्टी का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर शहर के जामा मस्जिद में अलविदा जुमा के अवसर पर शुक्रवार को पेश इमाम अबरार अहमद मिस्बाही ने अलविदा जुमा की नमाज पढ़ाई। इसके साथ ही समाज के लोगों द्वारा जामा मस्जिद में इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में समाज के साथ ही विभिन्न धर्म समुदाय के लोग शामिल हुए। इस दौरान रवि सिद्धू, करन सिद्धू, सरताज सिद्धू ,शैलेंद्र भारती, अब्दुल लतीफ़, परवेज आलम गांधी, अफजाल अंसारी, याकूब खान, अमीर अंसारी, साकिब सिद्दीक़ी, सूफियान सिद्दिकी, बाबू खान सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

### विनोद बने सीतापुर पटवारी संघ के निर्विरोध अध्यक्ष



**अंबिकापुर।** विगत दिनों सीतापुर विश्राम गृह में राजस्व पटवारी संघ का चुनाव संपन्न हुआ। चुनाव के दौरान सर्वसम्मति से पटवारी संघ के पदाधिकारियों का चयन किया गया। सीतापुर मुख्यालय के पटवारी विनोद यादव को संघ का निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। उपाध्यक्ष फैयाज अंसारी, अंजली पैंकरा, सचिव राजकपूर सिंह, नवीन पैंकरा एवं कोषाध्यक्ष संदीप कुमार बनाये गए। संगठन प्रभारी हरिश्चंद्र सोनी, सुधीर सिंह, प्रवक्ता गोपाल सोनी, अनिरुद्ध पैंकरा एवं मीडिया प्रभारी मनोज सिंह एवं जितेंद्र पैंकरा को बनाया गया। इस अवसर पर श्याम नारायण सिंह, मुनेश्वर टोप्पो, चंद्रशेखर पैकरा एवं अन्य पटवारी उपस्थित थे।

### नाबालिग को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, गिरफ्तार

**बलरामपुर।** शादी का झांसा देकर नाबालिग से दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार थाना अंतर्गत रहने वाले ग्रामीण ने शिकायत दर्ज कराई थी कि श्रवण तिर्की नामक युवक उसकी नाबालिग पुत्री को शादी का प्रलोभन देकर अपने घर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। इस मामले में पुलिस ने जांच उपरान्त तातापानी निवासी 21 वर्षीय श्रवण तिर्की को बीएनएस की धारा 137(2), 87, 64(1) व 4 पाक्सो एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया है।

## निधन

### श्रीमती मनी देवी गुप्ता



**मनेन्द्रगढ़।** शहर के वार्ड नंबर 9 के पूर्व पार्षद एवं वरिष्ठ पत्रकार गोपाल गुप्ता की माता श्रीमती मनी देवी गुप्ता का हृदय गति रुकने से सोमवार को निधन हो गया। स्व. श्रीमती गुप्ता का अंतिम संस्कार 31 मार्च को अपरान्ह 4 बजे स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। जहां परिजन समेत काफी संख्या में शहरवासी मौजूद रहे।

न्यायालय सक्षम अधिकारी (व्यपवर्तन) एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) खड़गवां जिला-मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर (छ.ग.)
//उद्घोषणा//
रा.प्र.क्र./202503331300002/ अ-2/2024-25
एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्राम खड़गवां तहसील खड़गवां जिला मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रदीप साहू आ. शिवनाथ साहू जाति तेली निवासी ग्राम खड़गवां तहसील खड़गवां जिला मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर (छ.ग.) द्वारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता की धारा 172 के तहत ग्राम खड़गवां प.ह.न. 11 रा.नि.मं. खड़गवां तहसील खड़गवां जिला मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर (छ.ग.) में स्थित भूमि खसरा नं. 428/6 रकबा 0.02 हे. भूमि जो राजस्व अभिलेख में आवेदक के नाम पर दर्ज है। आवेदक द्वारा उक्त भूमि खसरा नम्बर 428/6 रकबा 0.02 हे. भूमि का व्यवसायिक प्रयोजन हेतु भू-व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन पत्र, शपथ पत्र, नक्शा, खसरा, बी-1, मिसल अभिलेख वर्ष 1948-49, ले-आउट नक्शा, रिनम्बरिंग सूची, रजिस्ट्री की छायाप्रति तथा ग्राम पंचायत खड़गवां का अनापत्ति प्रमाण पत्र सहित प्रस्तुत किया गया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।
अतएव उक्त भू-व्यपवर्तन के संबंध में जिस किसी को भी कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 03/04/2025 को सायं 5:00 बजे तक आपत्ति पेश कर सकते है, निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त किसी भी प्रकार की आपत्तियों पर कोई सुनवाई नहीं होगी।
आज दिनांक 17/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा के अधीन जारी।
सक्षम प्राधिकारी (व्यपवर्तन) एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) खड़गवां जिला-एम.सी.बी. (छ.ग.)

## शरीर पर मिले चोट के निशान, परिजन ने लगाया मारपीट करने का आरोप

# नशा मुक्ति केंद्र में युवक की संदिग्ध मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

**खास**
- दो दिन पूर्व परिजन ने कराया था भर्ती, जांच में जुटी

मंडी रोड स्थित नशा मुक्ति केन्द्र में उस समय हड़कंप मच गया जब दो दिन पहले ही दाखिल हुए युवक की संदिग्ध हालत में अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। युवक की मौत हो जाने तथा शरीर में चोट के निशान पाए जाने पर परिजन ने मारपीट करने का आरोप लगाकर जमकर हंगामा मचाया। परिजन का आरोप है कि युवक को जब नशा मुक्ति केन्द्र में दाखिल कराया गया था तब वह स्वस्थ था। परिजन ने मामले की जांच किए जाने तथा दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग को लेकर प्रशासन से गुहार लगाई है।

जिले के मंडी रोड किनारे शासन से मान्यता प्राप्त नशा मुक्ति केंद्र संचालित है। जहां जिले के विभिन्न क्षेत्र से नशे की आदी युवकों को रख कर उपचार किया जाता है। दो दिन पूर्व ही नशे के आदी गोविंदपुर निवासी विजय बघेल को परिजन ने उसके नशे की लत छुड़ाने के लिए दाखिल किया था। आज सुबह युवक की अचानक तबीयत बिगड़ जाने पर संस्था के कर्मचारी युवक को तत्काल जिला चिकित्सालय लेकर गए जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की संदिग्ध हालत में मौत हो जाने पर नशा मुक्ति केंद्र में हड़कंप मच गया। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन ने नशा मुक्ति केंद्र में पहुंच जमकर हंगामा मचाया तथा मृतक के शरीर में चोट के निशान देख मारपीट करने का आरोप लगाया है। परिजन का आरोप है कि जब विजय बघेल को नशा मुक्ति केन्द्र में दाखिल कराया गया था तो वह पूरी तरह से स्वस्थ था। लेकिन दो दिन बाद अचानक खबर मिल आई की उसकी मौत हो चुकी है। परिजन का आरोप है कि मृतक के शरीर में कई जगह चोट के निशान है जो मारपीट करने को दर्शाता है। मृतक की पत्नी वर्षा बघेल सहित परिजन ने केंद्र प्रबंधन पर सीधे आरोप लगाते हुए कहा कि हमने अपने बेटे को इलाज के लिए भेजा था, न कि मौत के मुंह में धकेलने के लिए। मृतक के साले रितेश कुमार ने बताया कि जब उन्होंने विजय को केंद्र में छोड़ा था तब उसके शरीर पर कोई भी चोट नहीं थी। अब दो दिन बाद शरीर पर गहरे घाव और खून के धब्बे के निशान है। बहरहाल परिजन ने मामले की जांच कर दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है।



मंदिर रोड स्थित नशामुक्ति केन्द्र, इनसेट में मृतक।

### सुर्खियों में रहा है नशा मुक्ति केन्द्र

मंडी रोड स्थित नशा मुक्ति केन्द्र किसी न किसी बात को लेकर हमेशा सुर्खियों में रहता है। नशा मुक्ति केन्द्र की यह कोई पहली घटना नहीं है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नशा मुक्ति केन्द्र में पहले भी दाखिल लोगों के साथ दुर्व्यवहार और लापरवाही की शिकायत सामने आई है। हैरानी की बात तो यह है कि नशा मुक्ति केन्द्र की शिकायत होने के बावजूद आज तक प्रशासन द्वारा किसी प्रकार की कोई ठोस कदम नहीं उठाया है।

### नहीं की गई है मारपीट

नशा मुक्ति केन्द्र के वाडन राम लाल यादव ने बताया कि जब युवक को केन्द्र में लाया गया था तब वह नशे की हालत में था। युवक काफी नशे में था और कई बार गिर चुका था। युवक के साथ किसी प्रकार की मारपीट नहीं की गई है। शरीर में जो चोट के निशान है वह संभवतः गिरने के कारण आई होगी। रात में युवक की हालत काफी बिगड़ गई थी और जब उसे अस्पताल ले जाया जा रहा था तभी उसकी मौत हो गई।

### पीएम के बाद स्पष्ट होगा मौत का कारण

युवक की मौत मारपीट से हुई है यह स्पष्ट नहीं हो सकी है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत की सही वजह का पता लग सकेगा।

-डॉ. स्वप्रिल गुप्ता

### मिली है शिकायत

युवक की मौत होने पर परिजन ने घटना की शिकायत की है। परिजन की शिकायत पर जांच शुरू कर दी गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

-विमलेश दुबे
कोतवाली प्रभारी

# कोरिया-एमसीबी में अकीदत से मनी ईद

## लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर

जिलेभर में ईद-उल-फितर का त्योहार हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। शहर में सुबह से ही मेनरोड बैकुंठपुर, रामपुर, जूनापारा मस्जिदों और ईदगाहों में नमाज अदा करने के लिए बड़ी संख्या में लोग जुटे। नमाज के बाद लोगों ने गले मिलकर एक-दूसरे को बधाई दी और मिठाइयों का आदान-प्रदान किया।

इस अवसर पर बाजारों में खास रौनक देखने को मिली। कपड़े, सेवइयां और मिठाइयों की दुकानों पर भारी भीड़ रही। पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, जिससे त्योहार पूरी तरह शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। शहर के विभिन्न सामाजिक संगठनों और जनप्रतिनिधियों ने भी ईद की शुभकामनाएं दीं। कई स्थानों पर भंडारे और स्नेह मिलन समारोह आयोजित किए गए। मुस्लिम समाज के लोगों ने जरूरतमंदों को दान देकर ईद की खुशियां साझा की।



नमाज अदा करने पहुंचे लोग, ईदगाह के समीप सुरक्षा व्यवस्था में लगे जवान।

### अता की गई विशेष नमाज

पटना। सोमवार को पटना सहित क्षेत्र के टेंगनी, कटकोना एवं पाण्डवपारा में धूमधाम से ईद का त्यौहार मनाई गई। सुबह मस्जिदों व ईदगाहों में ईद की नमाज अता की गई, इसके बाद लोगों ने गले मिलकर एक-दूसरे को ईद की बधाई दी। इस दौरान मुस्लिम समाज के लोगों को अन्य समाज के लोगों ने भी एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की बधाई दी। बच्चों में ईद को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। नए कपड़े पहनकर बच्चे भी बुजुर्गों के साथ ईद की नमाज अदा करने पटना के परसा पारा में स्थित ईदगाह में ईद की नमाज पढ़ते नजर आए।

### आटो संघ ने टावर चौक पर बांटी सेंवई



ईद-उल-फितर का त्योहार पूरे देश में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। रमजान के पवित्र महीने के समापन पर मनाया जाने वाला यह त्योहार आपसी भाईचारे और खुशियों का प्रतीक है। इसीक्रम में चरचा कॉलरी स्थित टावर चौक पर आटो संघ के मुस्लिम समुदाय के सदस्यों ने सेंवई वितरण कर लोगों को ईद की शुभकामनाएं दीं। ईद के इस पावन अवसर पर पारंपरिक पकवान सेंवई विशेष रूप से तैयार की जाती है, जिसे आपसी भाईचारे और सौहार्द के प्रतीक के रूप में बांटा जाता है। टावर चौक पर आयोजित इस आयोजन में काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे और सेंवई का स्वाद चखा। सेंवई वितरण के माध्यम से लोगों ने एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी और सौहार्दपूर्ण माहौल में खुशियां मनाइं। यह आयोजन समाज में एकता और भाईचारे को बढ़ावा देने का एक शानदार उदाहरण रहा। इस अवसर पर सिराज अंसारी, असलम, लुकमान, मोहम्मद हसीब अंसारी, मोहम्मद इकराम अली, सिराज, सोनू समेत मुस्लिम समुदाय के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### चरचा कॉलरी में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई ईद

चरचा कॉलरी। ईद-उल-फितर का त्योहार सोमवार को हर्षोउल्लास और भाईचारे के माहौल में मनाया गया। रमजान के पवित्र महीने के समापन पर मनाए जाने वाले इस त्योहार के अवसर पर क्षेत्र में जबरदस्त उत्साह देखा गया। चरचा कॉलरी स्थित जामा मस्जिद में काफी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग ईद की विशेष नमाज अदा करने के लिए एकत्र हुए। ईद की नमाज के लिए प्रातः 7 बजे से ही लोग मस्जिद में जुटने लगे थे। 9 बजे मौलाना शकील अख्तर द्वारा नमाज अदा कराई गई। नमाज के बाद सभी ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी और भाईचारे का संदेश दिया। इस खास मौके पर चरचा कॉलरी की सभी मस्जिदों, ईदगाह और दरगाहों को आकर्षक रोशनी से सजाया गया। घरों और बाजारों में भी ईद की रौनक देखने को मिली। लोगों ने अपने घरों को सजाया और नए कपड़े पहनकर त्योहार की खुशियां मनाइं। बच्चों में भी काफी उत्साह देखा गया। उन्होंने अपने पसंदीदा खिलौने और कपड़े खरीदे। ईद के मौके पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किए थे। मस्जिद और ईदगाहों के आसपास पुलिस बल तैनात किया गया था, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। नगर प्रशासन ने भी यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए विशेष प्रबंध किए। इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष श्रीमती लालमुनि यादव एवं भूपेन्द्र यादव ने जामा मस्जिद पहुंचकर मुस्लिम समुदाय को ईद की शुभकामनाएं दीं। ईद के अवसर पर बाजारों में भी जबरदस्त रौनक देखी गई। मिठाइयों की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ लगी रही।

*देवी भक्ति पाठ की गूंज से पूरा क्षेत्र आध्यात्मिक वातावरण में डूबा*

# भक्तिरस में डूबे श्रद्धालु रामनवमीं की धूम

**सोनहत।** रामनवमी के पावन अवसर पर सोनहत मुख्यालय सहित विभिन्न ग्रामों के देवालयों में भक्तिरस का माहौल बना हुआ है। 30 मार्च से शुरू हुए इस भक्ति पर्व में श्रद्धालु सपरिवार शामिल होकर पूजन-अर्चना में लीन हैं।

मुख्यालय के देवरहा मंदिर में विशेष अनुष्ठान के तहत जौ बोनी, कलश स्थापना और मंगल ज्योति प्रज्जवलन के साथ भक्ति अनुष्ठान प्रारंभ हो चुके हैं। सुबह-शाम हवन-पूजन और देवी भक्ति पाठ की गूंज से पूरा क्षेत्र आध्यात्मिक वातावरण में डूबा हुआ है। मुख्यालय के अलावा केशगवां, मेण्ड्रा, विक्रमपुर पोड़ी, वनांचल ग्राम नटवाही के गंगारानी पुरातात्विक मंदिर सहित विभिन्न आस्था केन्द्रों में श्रद्धालु काफी संख्या में जुटे हैं। सुबह-शाम पूजन-हवन और जसगीतों का आयोजन किया जा रहा है, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिरस में सराबोर हो गया है। आगामी नौ दिनों तक चलने वाले इस पर्व में श्रद्धालु व्रत, हवन और विशेष अनुष्ठानों में भाग ले रहे हैं। इन धार्मिक गतिविधियों के चलते ग्रामवासी पूरी तरह से भक्ति में रम गए हैं।



# हवन-पूजन व शस्त्र प्रदर्शन के साथ नगर में निकली राम-जानकी की भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

वर्ष प्रतिपदा के अवसर पर नगर में राम जानकी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिसका कई जगहों पर लोगों द्वारा स्वागत किया गया। शोभा यात्रा निकलने से पूर्व अयप्पा ग्राउंड में धर्म सभा आयोजित हुई।

इसके पूर्व हवन पूजन के बाद आर्य गुरुकुल शक्ति से पहुंचे बच्चों ने शस्त्र कला का प्रदर्शन किया।इस दौरान राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रचारक राजकुमार भैया ने धर्म सभा को संबोधित करते हुए हिन्दू नव वर्ष, वर्ष प्रतिपदा की उपस्थित जनों को महत्व बताया और कहा कि शास्त्रीय मान्यता के अनुसार लोकपालक श्री हरि विष्णु ने सृष्टि के प्रथम जीव के रूप में इसी दिन मत्स्य अवतार लिया था। त्रेता युग में लंका विजय के बाद अयोध्या में मर्यादा पुरूषोतम श्रीराम का राज्याभिषेक इसी शुभ दिन हुआ था।द्वापर काल में महाभारत के युद्ध में विजय के उपरांत धर्मराज युधिष्ठिर भी इसी दिन राजगद्दी पर बैठे थे।कालांतर में इसी विशेष तिथि को ही सिंधी समाज के महान संत झूलेलाल का जन्म हुआ था,जो वरुण देव के अवतार माने जाते हैं।इसी दिन छत्रपति शिवाजी महाराज ने मुगल आक्रांताओं को परास्त कर भगवा विजय ध्वज लहराकर हिंदवी साम्राज्य की नींव रखी थी।

सामाजिक आडंबरों का विनाश करने के लिए स्वामी दयानंद सरस्वती ने आर्य समाज की स्थापना चैत्र प्रतिपदा तिथि को ही की थी।देश की एकता अखंडता एवं एकात्मकता के संरक्षण के लिए आरएसएस की स्थापना करने वाले डॉक्टर केशव राव बलिराम हेडगेवार का जन्म भी इसी दिन हुआ था।उन्होंने बताया कि चैत्र प्रतिपदा तिथि से मौसम में भी परिवर्तन का अहसास होता है। नवरात्र के प्रथम दिवस शक्ति की उपासना का पर्व शुरू होता है।उन्होंने उपस्थित जनों को वर्ष प्रतिपदा की बधाई देते हुए सभी को राष्ट्र सेवा में जुटने का आह्वान किया।इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ एवं भाजपा से जुड़े पदाधिकारी कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में जनमानस उपस्थित रहे।सभा के बाद अलग अलग रथ में सवार होकर राम दरबार सहित दुर्गा वाहिनी एवं बजरंग दल, नव वर्ष आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने नगर में भव्य रैली निकाली, जो नगर का भ्रमण करते हुए जिला मुख्यालय सूरजपुर की तरफ बढ़ी।



## पृष्ठ 1 का शेष

### बिछिया टोला समेत ...

जाकर सूरक्षार्थ थाना केल्हारी को सुपुर्द में दिया गया है। 29 मार्च को नागपुर में खनिज रेत के परिवहन करते 1 ट्रैक्टर 24 मार्च को खनिज साधारण पत्थर गिट्टी के अवैध परिवहन करते पाए जाने पर 2 हाईवा 2 ट्रैक्टर पर कार्रवाई की गई है। सभी वाहनों के विरूद्ध छग गौंण खनिज नियम 2015, खान और खनिज (विकास और विनियमन)अधिनियम 1957 के तहत कार्रवाई की गई है। खनिज अधिकारी ने बताया कि कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

### महिला जागृति शिविर...

ने कहा कि ऐसे आयोजन महिलाओं को जागरूक करने और उनके सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। महिला बाल विकास विभाग की ओर से महिलाओं व बच्चों के विकास से जुड़े विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम के दौरान कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता में विजेता महिलाओं को सम्मानित किया गया।

### श्रमिकों को अब ...

नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना के तहत श्रमिक परिवारों के बच्चों को अलग-अलग कक्षावार शैक्षणिक स्तर के आधार पर 1000 से 12,000 रूपए तक की छात्रवृत्ति राशि दी जाती है। इस योजना के माध्यम से पंजीकृत और अपंजीकृत निर्माण श्रमिकों को मात्र 5 रूपए में गरम और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे उनके जीवन स्तर में सुधार होगा। इस अनूठी पहल से मनेन्द्रगढ़ सहित पूरे जिले के श्रमिकों को बड़ी राहत मिलेगी और उनके पोषण व आर्थिक स्थिति को मजबूती मिलेगी। इसके साथ जिन श्रमिकों के पास श्रम कार्ड नहीं बना है, उनका कार्ड भी यही से बनेगा और विभिन्न योजनाओं की जानकारियों को भी यही से लोगों को बताया जाएगा। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रतिभा यादव ने कहा कि यह योजना श्रमिक वर्ग के लिए किसी वरदान से कम नहीं है, क्योंकि कम आय में जीवन-यापन करने वाले श्रमिकों को अब मात्र 5 रूपए में भरपेट भोजन मिलेगा, जिससे उनके दैनिक जीवन में आर्थिक राहत आएगी। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही अन्य योजनाओं की जानकारी भी इस केन्द्र के माध्यम से श्रमिकों को दी जाएगी, ताकि वे शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य जरूरी सुविधाओं का लाभ उठा सकें। श्रम अन्न सहायता योजना का उद्देश्य श्रमिकों को भोजन के साथ-साथ आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाना है। नगर पालिका उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र पटवा ने कहा कि यह योजना एमसीबी जिले के श्रमिकों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है, जिससे उन्हें मात्र 5 रूपए में गरम और पौष्टिक भोजन उपलब्ध होगा। उन्होंने कहा कि सरकार श्रमिकों के कल्याण के लिए लगातार कार्य कर रही है और इस योजना से हजारों श्रमिकों को सीधा लाभ मिलेगा। इसके साथ ही श्रम कार्ड पंजीकरण और अन्य योजनाओं की जानकारी भी इसी केन्द्र से दी जाएगी, जिससे श्रमिक अपने अधिकारों और सरकारी सुविधाओं का अधिक से अधिक लाभ उठा सकें। नेता प्रतिपक्ष संजू यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री ने प्रदेश के श्रमिकों के लिए जो योजनाएं शुरू की हैं, वे वास्तव में सराहनीय हैं। श्रमिक समाज हमारे विकास का मजबूत आधार हैं और सरकार की यह पहल उन्हें आर्थिक व सामाजिक संबल प्रदान करेगी। मात्र 5 रूपए में पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना श्रमिकों के जीवन में एक सकारात्मक बदलाव लाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार न केवल श्रमिकों के भोजन की चिंता कर रही है, बल्कि उनके बच्चों की शिक्षा और महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए भी कई योजनाएं चला रही है। पूर्व उपाध्यक्ष लखन लाल श्रीवास्तव ने कहा कि यह योजना श्रमिकों के लिए एक बड़ा राहत भरा कदम है। मेहनतकश श्रमिक हमारे समाज की रीढ़ हैं, मात्र 5 रूपए में पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना एक ऐसी पहल है, जिससे श्रमिकों को न केवल आर्थिक सहारा मिलेगा, बल्कि उनका स्वास्थ्य भी बेहतर रहेगा। कार्यक्रम में सपन महतो, माया सोनकर, जमील शाह, इमरान खान, पप्पू हुसैन, कार्तिक, रवि जैन, हसीना बेगम कुरैशी, उर्मिला जायसवाल, नीलू जायसवाल, मुकेश कुमार अग्रवाल, गिरधर जायसवाल, दयाशंकर यादव, ओम प्रकाश जायसवाल, किरन कुजूर, शांत जायसवाल, अनिल कुमार प्रजापति, अजय जायसवाल, सुनैना विश्वकर्मा, सुशीला सिंह, स्वप्निल सिंह के साथ एसडीएम लिंगराज सिदार, सीएमओ मुक्ता सिंह चौहान, जनपद सीईओ सुश्री वैशाली सिंह, संजय सिंह के साथ श्रम विभाग से मनीष कुमार साहू, कर्मलाल पटेल, रमेश चौधरी, राजकुमार मौर्य, संजय लकड़ा, नगर पालिका परिषद् मनेन्द्रगढ़ के स्वच्छता दीदियां सहित संगठित असंगठित श्रमिकों के साथ अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**बलरामपुर।** नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थाना अंतर्गत रहने वाले ग्रामीण ने 28 मार्च को पुलिस से शिकायत की थी कि अज्ञात व्यक्ति उसकी नाबालिग पुत्री का अपहरण कर ले गया है। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए तलाशी अभियान शुरू किया गया। पुलिस ने बलरामपुर के डूमरखोर निवासी उमेश कोडाकू के कब्जे से नाबालिग को बरामद किया गया। इस दौरान पूछताछ में नाबालिग ने शादी का झांसा देकर अपने घर ले जाने और जबरन दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने की बात कही। मामले में पुलिस द्वारा 19 वर्षीय उमेश कोडाकू आ. बिपता कोडाकू को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। मामले में पुलिस ने आरोपी को बीएनएस की धारा 137(2), (2) व 4, 6 पाक्सो एक्ट के तहत आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### विधायक पैकरा की आतिथ्य में बैडमिटन का शुभारंभ

**कुसमी।** सेमरा में संभाग स्तरीय इनडोर बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारंभ सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा की मुख्य आतिथ्य एवं जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा मुनी निकुंज की अध्यक्षता, विशिष्ट अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष बसंती भगत,जनपद उपाध्यक्ष अशोक सोनी की उपस्थित में किया गया।

# चेरवा समाज ने लिया नशा मुक्ति का संकल्प

**राजपुर।** विकासखंड अंतर्गत ग्राम सिंगचोरा हाई स्कूल ग्राउंड में राज्य स्तरीय चेरवा समाज के जनप्रतिनिधियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। चेरवा समाज के इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सामरी विधायक श्रीमती उद्धेश्वरी पैकरा शामिल हुई। इस दौरान विधायक श्रीमती पैकरा ने चेरवा समाज के सौ लोगों को भाजपा का सदस्यता दिलाई। इसके साथ ही समाज के लोगों नशा मुक्ति का संकल्प लिया। वहीं समाज द्वारा छात्रों के साथ न्योता भोज कर विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन किया। चेरवा समाज के लोगों हेतु तीन पंचायत में सामुदायिक भवन ग्राम पंचायत परसागुड्डी, सिंगचोरा, और चिलमाकला में किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सामरी विधायक श्रीमती उद्धेश्वरी पैकरा ने कहा कि समाज तभी आगे बढ़ेगी जब समाज के लोग शिक्षा व रोजगार की मुख्यधारा से जुड़ेंगे। चेरवा समाज के लोग नशा मुक्ति का आज से संकल्प ले की आज के बाद चेरवा समाज के लोग नशा को भगाएंगे और अपने काम को लगन के साथ करेंगे। मंच का संचालन जेआर सोनवानी ने किया। इस दौरान समाज के प्रांत अध्यक्ष देवनारायण चेरवा, जिला अध्यक्ष करामदायल रक्सौल, संरक्षक टेकचंद रक्सौल, मानस राज कन्हैया, महेंद्र सर्जन जिला अध्यक्ष सरगुजा, विश्वनाथ बरोडीया, सुखसागर, विमल चंद चेरवा जिला अध्यक्ष कोरिया, पुष्पा सर्जन अध्यक्ष महिला कोरिया,जानू राम सोनवानी, देवलाल चेरवा, विष्णु बैगा, मेघनाथ चेरवा,विश्वनाथ, राम, सकल नारायण, आदि सैकड़ो की संख्या में समाज के लोग थे।

हरिभूमि
पाठकों के लिए माह मार्च 2025 का बिल निम्नानुसार है

| विवरण | दर | राशि |
|---|---|---|
| 05 दिन | 4.00 | 20.00 |
| 24 दिन | 5.00 | 120.00 |
| 29 दिन, | कुल योग= | 140.00 |

कृपया पाठकगण माह मार्च 2025 के बिल का भुगतान उपरोक्तानुसार अपने एजेंट बंधु को 5 अप्रैल 2025 तक जमा करें।
प्रसार प्रबंधक
हरिभूमि
गौरव पथ रिंग रोड नं. 2
बिलासपुर

online Booking:-www.tripuryatra.com


By Train-रिजर्वेशन कोच
16 मई से 23 मई, 23 मई से 30 मई, 06 जून से 13 जून
25 जुलाई से 1 अगस्त 2025 (सावन में ) (8 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान),काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार),पशुपतिनाथ ,जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान), सीतामढ़ी, बनारस (काशी विश्वनाथ मंदिर)
राशि:-स्लीपर 9,500/- , 3 एसी 16,500/-, 2 एसी 22,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411